# बिहार विधान परिषद्

**सत्र 180 वां**

## शोक – पुस्तिका

**<u>3 अगस्त, 2015</u>**
**7 अगस्त, 2015**

**श्री अवधेश नारायण सिंह**
सभापति
बिहार विधान परिषद्

## शोक संदर्भ

1. स्वर्गीय डा. ए.पी.जे अब्दुल कलाम
2. स्वर्गीय रामकृष्ण सूर्यभानजी गवई
3. स्वर्गीय माधव सिन्हा
4. स्वर्गीय बालेश्वर राम
5. स्वर्गीय रामपरीक्षण साहू
6. स्वर्गीय राम नरेश प्रसाद
7. स्वर्गीय आनंद मोहन सिंह
8. स्वर्गीय जय कुमार पालित
9. स्वर्गीय मांगन इंसान
10. स्वर्गीय सुशील कुमार सिंह
11. स्वर्गीय बैद्यनाथ यादव
12. स्वर्गीय अरुण कुमार सिन्हा
13. स्वर्गीय बलदेव हाजरा
14. स्वर्गीया सिस्टर निर्मला
15. स्वर्गीय अजमल फरीद

## भारत रत्न स्वर्गीय डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

27 जुलाई, 2015 को भारत के पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न माननीय डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 84 वर्ष थी।

डा. कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु राज्य के रामेश्वरम में हुआ था।

डा. कलाम ने मद्रास विश्वविद्यालय से भौतिकी एवं एम.आई.टी., चेन्नई से अंतरिक्ष विज्ञान में शिक्षा प्राप्त करने के बाद डी.आर.डी.ओ. में वैज्ञानिक के रूप में अपना कैरियर शुरू किया। भारत का पहला स्वदेशी सेटेलाइट 'एस.एल.वी.-3' के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके नेतृत्व में ही 'रोहिणी' उपग्रह का सफल प्रक्षेपण हुआ। 'पृथ्वी', 'अग्नि', 'आकाश' जैसे मिसाइलों के निर्माण में उनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही। इस कारण उन्हें 'मिसाइल मैन' कहा जाता है। उनके ही नेतृत्व में पोखरण-2 परमाणु परीक्षण किया गया था।

डा. कलाम 25 जुलाई 2002 से 25 जुलाई 2007 तक भारत के राष्ट्रपति रहे।

डा. कलाम को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए देश के सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था। उन्हें 'पद्म-विभूषण' एवं 'पद्म भूषण' सम्मान से भी सम्मानित किया गया था।

डा. कलाम सादगी के प्रतिमूर्ति थे। विज्ञान के क्षेत्र में उन्होंने अतुलनीय योगदान दिया। वे एक सफल वैज्ञानिक होने के साथ-साथ लेखक, कवि, वीणा-वादक, कलाकार और समर्पित शिक्षक भी थे। उन्होंने 'इंडिया ट्वेन्टी-ट्वेन्टी', 'न्यूक्लियर वीपन', 'विंग्स ऑफ फायर', 'मिशन इंडिया' जैसी पुस्तकों की रचना की। शिक्षा एवं ज्ञान के प्रति उनके उत्कट अनुराग का प्रमाण था कि जीवन के अंतिम क्षण तक ज्ञान-दान करते हुए वे 'विद्वत-गति' को प्राप्त हुए। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय रामकृष्ण सूर्यभानजी गवई

25 जुलाई 2015 को बिहार के पूर्व राज्यपाल माननीय श्री रामकृष्ण सूर्यभानजी गवई का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 86 वर्ष थी।

श्री गवई का जन्म 30 अक्तूबर 1929 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले के दारापुर ग्राम में हुआ था।

श्री गवई महाराष्ट्र विधान परिषद् के सभापति थे।

श्री गवई लोकसभा के सदस्य रहे। केन्द्र सरकार में मंत्री भी थे।

श्री गवई 22 जून 2006 से 10 जुलाई 2008 तक बिहार के राज्यपाल थे। वे केरल एवं सिक्किम के भी राज्यपाल थे। उन्होंने कई शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की।

श्री गवई को शांति एवं सद्भावना के लिए कई राष्ट्रीय पुस्कार से सम्मानित किया गया था। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय माधव सिन्हा

13 जून, 2015 को बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य, माननीय श्री माधव सिन्हा का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 88 वर्ष थी।

श्री सिन्हा का जन्म 1 फरवरी, 1927 को  मुंगेर जिला के सूर्यगढ़ा ग्राम में हुआ था। उन्होंने जिला स्कूल, मुंगेर एवं साइंस कॉलेज, पटना से शिक्षा प्राप्त की थी।

श्री सिन्हा बिहार सरकार में कई उच्च पदों पर रहे। वे तीन मुख्यमंत्रियों के प्रधान सचिव भी रहे।

श्री सिन्हा 30 दिसंबर, 1989 से 29 दिसंबर, 1995 तक बिहार विधान परिषद् के सदस्य थे।

श्री सिन्हा बिहार लोक सेवा आयोग के भी सदस्य थे। वे अपने क्षेत्र की प्रगति एवं विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय बालेश्वर राम

2 मई, 2015 को पूर्व केन्द्रीय मंत्री, माननीय श्री बालेश्वर राम का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 87 वर्ष थी।

श्री राम 1952, 1957, 1962, 1967, 1969 एवं 1972 में क्रमश: रोसड़ा, दलसिंहसराय एवं हायाघाट निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए।

श्री राम 1980 में रोसड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए। केन्द्र एवं बिहार सरकार में वे मंत्री भी रहे।

श्री राम ने अनूसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण के लिए संत रविदास आश्रम की स्थापना की। अपने क्षेत्र की प्रगति एवं विकास के लिए वे सदैव प्रयत्नशील रहते थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय रामपरीक्षण साहू

25 अप्रील, 2015 को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री माननीय श्री रामपरीक्षण साहू का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 77 वर्ष थी।

श्री साहू का जन्म 1938 ई. में मुजफ्फरपुर जिलांतर्गत चन्द्रहटी गांव में हुआ था। उन्होंने एल.एस. महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर में स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त की थी।

श्री साहू 1980 एवं 1991 के उप चुनाव में कुढ़नी निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे बिहार सरकार में मंत्री भी थे।

श्री साहू अपने क्षेत्र की प्रगति एवं विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय राम नरेश प्रसाद

15 जुलाई, 2015 को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, माननीय श्री राम नरेश प्रसाद का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 77 वर्ष थी।

श्री प्रसाद का जन्म 20 सितंबर, 1938 को गया जिला के गुलजामा ग्राम में हुआ था।

श्री प्रसाद ने गया कॉलेज, गया से स्नातक एवं पटना लॉ कॉलेज से एल-एल.बी. की डिग्री प्राप्त की थी।

श्री प्रसाद 1990 एवं 1995 में फतेहपुर निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे बिहार सरकार में मंत्री भी थे।

श्री प्रसाद एक समर्पित समाजसेवी थे। समाज के गरीब एवं दलित वर्गों के उत्थान के लिए वे सदैव प्रयत्नशील रहते थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय आनंद मोहन सिंह

24 जुलाई, 2015 को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, माननीय श्री आनंद मोहन सिंह का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 50 वर्ष थी।

श्री सिंह 1995 में नोखा निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। बिहार सरकार में वे मंत्री भी थे।

श्री सिंह अपने क्षेत्र की प्रगति एवं विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय जय कुमार पालित

14 जुलाई, 2015 को बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य, माननीय श्री जय कुमार पालित का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 70 वर्ष थी।

श्री पालित का जन्म 4 मार्च, 1945 को गया में हुआ था।

श्री पालित पटना विश्वविद्यालय से एम.एस-सी. एवं एल-एल.बी. की डिग्री प्राप्त की।

श्री पालित 1980 एवं 1985 में गया नगर निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए।

श्री पालित प्रसिद्ध समाज सेवी थे। अपने क्षेत्र की प्रगति एवं विकास के लिए वे सदैव प्रयत्नशील रहते थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय मांगन इंसान

21 मई, 2015 को बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य माननीय श्री मांगन इंसान का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 81 वर्ष थी।

श्री इंसान का जन्म 1931 ई. में हुआ था।

श्री इंसान 1980 में कदवा एवं 1985 में प्राणपुर निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

श्री इंसान अपने क्षेत्र की प्रगति एवं विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय सुशील कुमार सिंह

27 अप्रील, 2015 को बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य माननीय श्री सुशील कुमार सिंह का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 74 वर्ष थी।

श्री सिंह का जन्म 11 अक्तूबर, 1941 को जमुई जिलान्तर्गत मलयपुर ग्राम में हुआ था।

श्री सिंह 1985, 1990 एवं 2000 में जमुई निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचत हुए थे।

श्री सिंह समर्पित समाज सेवी थे। अपने क्षेत्र की प्रगति एवं विकास के लिए वे सदैव प्रयत्नीशल रहते थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय बैद्यनाथ यादव

28 जुलाई, 2015 को बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य माननीय श्री बैद्यनाथ यादव का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 93 वर्ष थी।

श्री यादव 1962, 1967 एवं 1977 में हरलाखी निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

श्री यादव अपने क्षेत्र की प्रगति एवं विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय अरुण कुमार सिन्हा

8 जुलाई, 2015 को बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य, माननीय श्री अरुण कुमार सिन्हा का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 66 वर्ष थी।

श्री सिन्हा का जन्म 7 जुलाई, 1949 को वैशाली में हुआ था।

श्री सिन्हा 1977 में लालगंज निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

श्री सिन्हा कुशल अध्यापक थे। कई शैक्षिक एवं सामाजिक संस्थानों के निर्माण में उनका प्रमुख योगदान रहा। अपने क्षेत्र की प्रगति एवं विकास के लिए वे सदैव प्रयत्नशील रहते थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय बलदेव हाजरा

11 अप्रील, 2015 को बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य माननीय श्री बलदेव हाजरा का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र

लगभग 63 वर्ष थी।

श्री हाजरा का जन्म 1 फरवरी, 1952 को गिरिडीह जिलान्तर्गत जमडीहा बागी गांव में हुआ था।

श्री हाजरा 1985 एवं 1990 में जमुआ निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

श्री हाजरा गरीबों एवं पिछड़ों के उत्थान के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीया सिस्टर निर्मला

22 जून, 2015 को मिशनरी ऑफ चैरिटी की पूर्व सुपीरियर माननीया सिस्टर निर्मला का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 81 वर्ष थी।

सिस्टर निर्मला 'भारत रत्न' मदर टेरेसा की प्रमुख सहयोगी थीं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों एवं असहायों की सेवा में समर्पित कर दिया।

सिस्टर निर्मला को समाज सेवा में अतुलनीय योगदान के लिए 'पद्मभूषण' से सम्मानित किया गया था। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

## स्वर्गीय अजमल फरीद

15 जुलाई, 2015 को उर्दू दैनिक समाचार पत्र 'कौमी तंजीम' के संपादक माननीय श्री अजमल फरीद का निधन हो गया। मृत्यु के समय उनकी उम्र लगभग 56 वर्ष थी।

श्री फरीद का जन्म 1959 में दरभंगा के लहेरियासराय में हुआ था।

श्री फरीद ने अपने पिता श्री एस.एम. उमर फरीद की मृत्यु के बाद 'कौमी तंजीम' की व्यवस्था अपने हाथों में ली और उसे नई ऊंचाई तक ले गये। श्री फरीद एक बहुत ही मिलनसार, नेकदिल और उच्च विचार के व्यक्ति थे। उनके निधन से हम सबों को अपार दु:ख है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य एवं शक्ति दें।

-------